**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 05.10.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार घुमंतू जनजातियों और समुदायों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।**
- **राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्राकृतिक खेती को अपनाए जाने पर जोर दिया है।**
- **प्रदेश में दिसम्बर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियां जोरों पर।**
- **वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज पाली से भारत गौरव ट्रेन रवाना हुई।**

**000000**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार घुमंतू जनजातियों और समुदायों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का हर निर्णय और नीति विकसित भारत को समर्पित है, और किसान इस दृष्टिकोण का एक प्रमुख आधार हैं। प्रधानमंत्री आज महाराष्ट्र के वाशिम में कृषि और पशुपालन से संबंधित लगभग 23 हजार तीन सौ करोड़ रुपये की विभिन्न पहलों की शुरूआत कर रहे थे। इस मौके पर श्री मोदी ने केन्द्र सरकार द्वारा घुमन्तु जनजातियों के कल्याण के लिये उठाये गये कदमों की जानकारी दी।

.......

श्री मोदी ने लगभग 9 करोड़ 40 लाख किसानों को लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री–किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने किसानों का आह्वान किया है कि वे प्राकृतिक खेती की ओर लौटें। उन्होंने रसायन रहित खेती के साथ न्यूनतम लागत, अधिक उपज, उच्च गुणवत्ता और स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाए जाने पर जोर दिया। श्री बागडे शनिवार को खाटूश्याम जी में बजाज फाउंडेशन के जमनालाल कनीराम ट्रस्ट द्वारा आयोजित सुभाष पालेकर कृषि कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। इसमें देश के 13 राज्यों के किसान भाग ले रहे हैं। राज्यपाल ने जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गांव का पानी, गांव में ही रुके, ऐसे प्रयास किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने मिट्टी की उर्वरा शक्ति बचाने के लिए प्राकृतिक खेती को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि यूरिया, डीएपी और कीटनाशकों के बढ़ते अधिक उपयोग से गंभीर बीमारियों में वृद्धि हुई है। इन सबसे बचने के लिए किसान प्राकृतिक खेती को अपनाए।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज सीकर जिलेि के खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन किये। श्याम मंदिर कमेटी की ओर से राज्यपाल का स्वागत किया गया। राज्यपाल ने दर्शन के बाद मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया और मंदिर के विकास को लेकर मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों से वार्ता भी की।

00000

केन्द्र सरकार की बजट घोषणा के अंतर्गत "100 सिटीज प्रोग्राम" पर जयपुर में कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार, एशियाई विकास बैंक और विश्व बैंक के अधिकारियों, नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों ने मंथन किया। इस दौरान शहरी पेयजल आपूर्ति, सीवरेज और ठोस कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में वर्तमान स्थिति, बैस्ट प्रेक्टिसेज और आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**00000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको सरकारी ई–मार्केटप्लेस द्वारा इस दौरान की गई पहल के बारे में बता रहे हैं।

000000

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि ग्राम सेवा सहकारी समितियां सहयोग की भावना के माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ये समितियां सबको साथ लेकर वसुधैव कुटुंबकम के मूल मंत्र को चरितार्थ करने के साथ ही ग्रामीणों की आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा कर उनको आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करती हैं। श्री बिरला आज कोटा मे बोरखेड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति की आम सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की सहकारिता आंदोलन मे संस्थाएं सहकारिता से समृद्धि का मार्ग दिखाती है जिससे आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने महिलाओं से सहकारी समितियों की सहायता से छोटे लघु उद्योग स्थापित कर स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का आग्रह किया।

**000000**

प्रदेश में दिसम्बर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियॉं जोर शोर से की जा रही हैं। आज जयपुर ग्रेटर नगर निगम की आयुक्त, रुक्मणी रियार ने इन तैयारियों की समीक्षा के लिये संबंधित स्थलों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 से अपना दौरा शुरू किया। जिसके बाद उन्होंने सांगानेर एयरपोर्ट से बाईस गोदाम तक के मुख्य मार्गों का अवलोकन किया गया। श्रीमती रियार ने शहर की साफ–सफाई और सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे समिट की तैयारियों में तेजी लाएं और सुनिश्चित करें कि सभी काम समय पर पूरे हों।

00000

सिरोही जिले के आबूरोड़ स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में चल रहे वैश्विक शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन वसुधैव कुटुम्बकम् विषय पर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और सांसद रविकिशन मौजूद रहें। सम्मेलन में मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् भारतीय जीवन दर्शन का सार है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व तीसरे विश्वयुद्ध की अशंकाओं से घिरा हुआ है ऐसे में भाईचारे और अपनेपन की भावना ही विश्वशांति की किरण दिखाती है।

000000

संस्कृत तथा प्राकृत भाषा के विद्वान प्रो. धर्म चंद जैन ने प्राकृत सहित पांच भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि प्राकृत भाषा प्राचीन भाषा रही है और इसमें कई ग्रंथ रचे गए हैं. उन्होंने कहा कि इस निर्णय से प्राकृत के अध्येताओं को प्रोत्साहन मिलेगा, प्राकृत में निहित ग्रंथों का अन्य भाषाओं में अनुवाद को प्रोत्साहन मिलेगा और नई रचनाएं हो सकेंगी। साथ ही प्राकृत की पांडुलिपियां प्रकाश में आएंगी।

00000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना के तहत आज पाली से भारत गौरव ट्रेन रवाना हुई। देवस्थान विभाग कैबनिट मंत्री जोराराम कुमावत ने इससे पहले रेल का निरीक्षण किया। साथ ही यात्रियों और लोको पायलट का माला पहनाकर कर स्वागत किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रेल को रवाना किया। यह ट्रेन श्रद्धालुओं को अयोध्या, हरिद्वार, ऋषिकेश की यात्रा करवाएगी। श्री कुमावत ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थ यात्रा के लिए यह ट्रेन पहली बार पाली से रवाना हुई है।

000000

अलवर के बड़ौदा कस्बे के पास दिनार गांव में बकरी चराने गए दो दोस्तों की तलाब में डूबने से मौत हो गई। दोनों बकरियों को पानी पिलाने के लिए छोटे तलाब पर लेकर गए थे। इस दौरान एक लड़के का पैर फिसल गया और वो तलाब में गिर गया। अपने दोस्त को बचाने के लिए दूसरा लड़का भी पानी में उतरा लेकिन गहराई में जाने से वह भी डूब गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने दोनो के शव तालाब से बाहर निकलवाये।

000000

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के तहत भरतपुर में महिला और बाल विकास विभाग की ओर से बालिकाओं के उत्थान के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। बालिकाओं को शिक्षा से जोडने, आईएमएसयूपीवाई योजना, उडान योजना, बालिकाओं के लिये बनाए गए नये कानूनों, लैंगिक उत्पीडन, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना के लिये बनाये गए कानूनों की जानकारी दी गई। इस दौरान लड़कियों को गुड टच–बैड टच, बाल विवाह रोकथाम, महिला हेल्पलाईन नम्बर 181 लाडो प्रोत्साहन योजना, निःशुल्क कम्प्यूटर कोर्स के बारे में भी जानकारी दी गई।

00000